## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने गेहूं खरीदी केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**शिवपुरी।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा लगातार भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने पोहरी विकासखंड के गेहूं खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विपणन सहकारी समिति, पचीपुरा वेयर हाउस पोहरी एवं मां नर्मदा वेयर हाउस परीच्छा सहित अन्य खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने खरीदी केंद्रों पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद किया और उनसे खरीदी प्रक्रिया, तुलाई व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों से सहजता से चर्चा करते हुए पूछा कि खरीदी कार्य में किसी प्रकार की परेशानी या असुविधा तो नहीं हो रही है। किसानों ने बताया कि केंद्रों पर तुलाई सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं और किसी प्रकार की समस्या नहीं है। गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने केंद्रों पर पेयजल व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया। इस दौरान सभी केंद्रों पर किसानों के लिए ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था पाई गई।

### सतनवाड़ा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

**शिवपुरी।** शिवपुरी शहर में पानी की समस्या को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा नगरपालिका को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। शहर में पेयजल संकट ना हो। शहरवासी पानी के लिए परेशान ना हो। यदि पानी की मोटर में खराबी है तो उसे जल्दी ठीक कराया जाए जिससे शहर वासियों को पानी मिल सके। बुधवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा स्वयं सतनवाड़ा स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे और उन्होंने वहां जाएजा लेते हुए नगर पालिका सीएमओ से चर्चा की। किस प्रकार शहर में पानी की आपूर्ति बनी रहे। वहां काम कर रहे कारीगरों से भी जानकारी ली। विदित हो कि शनिवार को फिल्टर प्लांट की मोटर खराब हो गई थी। जबकि एक मोटर पूर्व में ही खराब थी जिसके कारण पानी की सप्लाई बाधित हो गई थी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका के सीएमओ इशांत धाकड़ को मोटर सुधरवाने के निर्देश दिए और अभी 2 दिन से पानी की मोटर में सुधार का काम जारी था। आज कलेक्टर स्वयं फिल्टर प्लांट पर पहुंचे और उन्होंने जायजा लिया।

### राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के खिलाडियों का कलेक्टर-एसपी ने किया उत्साहवर्धन

**गुना।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 की राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में गुना जिले से ग्वालियर संभाग टीम में चयनित 8 बालक एवं 7 बालिकाओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भोपाल संभाग तथा द्वितीय स्थान ग्वालियर संभाग का रहा मध्य प्रदेश शासन द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर गुना जिले के 15 थ्रोबॉल खिलाड़ियों को 21000-21000 की नगद राशि प्रदान की गई। इस उपलक्ष्य में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक मति हितिका वासल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अनुविभागीय अधिकारी, तथा रक्षित निरीक्षक पुलिस एवं समस्त अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

---

ग्वालियर के रायरू तिराह पर रहेगा मुख्य केंद्र, 11 जिलों में एक साथ होगा आंदोलन

# किसानों के समर्थन में कांग्रेस का बड़ा ऐलान, आज एनएच-3 पर चक्का जाम

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**



किसानों की समस्याओं और गेहूं खरीदी व्यवस्था में कथित अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी की बुधवार को आयोजित बैठक में तय किया गया कि 7 मई को सुबह 11 बजे मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-3) पर एक दिवसीय चक्का जाम किया जाएगा। यह आंदोलन प्रदेश के 11 जिलों में लगभग 747 किलोमीटर क्षेत्र में एक साथ किया जाएगा।
बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री महेंद्र बौद्ध के निवास पर आयोजित हुई, जिसमें जिला संगठन प्रभारी राम लखन दंडोतिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने की, जबकि संचालन जिला संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर ने किया। मुख्य अतिथि राम लखन दंडोतिया ने कहा कि प्रदेश का किसान गंभीर संकट से गुजर रहा है और सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन किसानों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने बताया कि चक्का जाम का मुख्य केंद्र ग्वालियर के पास रायरू तिराह रहेगा, जहां दतिया से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचेंगे। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि किसानों को समय पर खाद और फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे वे परेशान हैं। बैठक में पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, पूर्व विधायक राधेलाल बघेल, वरिष्ठ नेता अवधेश नायक, जसवंत बघेल, योगेंद्र तोमर, दशरथ सिंह गुर्जर सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

शिवपुरी में स्वच्छता अभियान लगातार जारी

# प्लास्टिक जब्ती, चालानी कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

**पीपुल्स प्रवक्ता, शिवपुरी**

शहर में बढ़ती गंदगी एवं अव्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन एवं नगर पालिका सीएमओ श्री इशांक धाकड़ के नेतृत्व में नगर पालिका द्वारा विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। प्रातः 07 बजे से प्रारंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत पोहरी चौराहा से तात्या टोपे प्रतिमा तक नगर पालिका टीम द्वारा निरीक्षण एवं सफाई कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान दुकानों पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5 किलो से अधिक प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। जब्त सामग्री में प्लास्टिक पॉलिथीन, प्लास्टिक चम्मच, डिस्पोजल सामग्री एवं पानी पाउच आदि शामिल रहे। व्यापारियों एवं दुकानदारों को भविष्य में प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने गंदगी फैलाई जा रही थी, उन्हें समझाइश दी गई कि वे कचरा डस्टबिन में रखें तथा नगर पालिका की सुबह एवं शाम संचालित कचरा गाड़ियों में ही कचरा डालें। कई जूस सेंटर, चाय स्टॉल, पान दुकान एवं होटल संचालकों को अनिवार्य रूप से साफ-सुथरे डस्टबिन रखने एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। गंदे एवं अस्वच्छ डस्टबिन पाए जाने पर उन्हें जब्त कर लिया गया तथा स्वच्छ डस्टबिन रखने के लिए निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से रखी गई गुमटियों एवं ठेलों को पीछे हटवाया गया। जिन ठेला संचालकों द्वारा सड़क सीमा से आगे अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था प्रभावित की जा रही थी, उन्हें सख्त हिदायत देते हुए व्यवस्थित रूप से संचालन करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका टीम द्वारा कुछ होटल एवं मिष्ठान भंडारों का निरीक्षण कर उनके किचन एवं भोजन निर्माण स्थलों की साफ-सफाई की जांच भी की गई। संबंधित संचालकों को स्वच्छता मानकों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान पंढरपुरी चाय एवं मनोहर चाय संचालकों द्वारा कचरा फैलाने, अवैध अतिक्रमण एवं कब्जा किए जाने पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया तथा दोनों प्रतिष्ठानों पर 500-500 रू का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त कुछ स्थानों पर नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर तत्काल सफाई कराई गई। पूर्व दिवसों में जिन मार्गों पर सफाई अभियान चलाया गया था, वहां पुनः फॉलोअप निरीक्षण किया गया।

---

### आज मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर कांग्रेस का किसान आंदोलन

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

7 मई को कांग्रेस ने जिले से लगे मुंबई- आगरा नेशनल हाईवे पर बड़े किसान आंदोलन की तैयारी की है। कांग्रेस के इस आंदोलन में करीब 50 हजार लोगों के जुटने का अनुमाना लगाया जा रहा है। इससे 11 जिलों के करीब 747 किलोमीटर क्षेत्र में यातायात प्रभावित होने की आशंका है। पार्टी ने इसे किसानों के हित में बड़ा आंदोलन बताया है, जबकि प्रशासन ने भी सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी, मध्य प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी, पूर्व मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव, भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक केदार डावर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि नाईक के के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-3 मुंबई-आगरा रोड़ को खलघाट टोल टैक्स पर चक्काजाम प्रदर्शन होगा। हाईवे पर चक्काजाम प्रदर्शन के चलते यातायात पुलिस ने आवागमन करने वाले भारी एवं मध्यम वाहनों सहित समस्त प्रकार के चार पहिया वाहनों के लिए एडवाईजरी जारी की है। प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए हुए उक्त मार्ग पर खलघाट से धामनोद तक समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। उक्त मार्ग से आवागमन करने वाले दो पहिया,चार पहिया वाहन, भारी एवं मध्यम वाहनों के समस्त ट्रांसपोर्ट संचालको/ वाहन चालक इस मार्ग पर आवागमन न करते हुए अन्य वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें ताकि आवागमन में असुविधा न हों।

---

# यूसीमास स्टेट लेवल कंपटीशन दतिया के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

## नौ ने टॉप-पांच में बनाई जगह




**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

यूसीमास का 21वां स्टेट लेवल कंपटीशन 1 से 3 मई 2026 तक इंदौर में आयोजित हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 5 हजार बच्चों ने हिस्सा लिया। 8 मिनट में 200 सवाल हल करने वाली इस प्रतियोगिता में दतिया जिले के 105 बच्चों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दतिया के 9 बच्चों ने अपने-अपने ग्रुप में टॉप-5 में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया। पुरस्कार वितरण समारोह 3 मई को रविंद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम, इंदौर में आयोजित हुआ, जहां विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। इन बच्चों ने हासिल की प्रमुख उपलब्धियां अरुनया आर्या (इनकंप्लीट एलिमेंट्री A) फोर्थ रनरअप शरद मांझी (एलिमेंट्री A) फोर्थ रनरअप शिवाय प्रताप सिंह (लेवल 3rd) फिफ्थ रनरअप आरुष भोंडले (लेवल 4rd) फर्स्ट रनरअप रितेश राजपूत (लेवल 4rd) सेकेंड रनरअप अद्भुत मिश्रा (लेवल 4rd) फोर्थ रनरअप चिराग सिजारिया (लेवल 4rd) फोर्थ रनरअप शिवांश श्रीवास्तव (लेवल 6rd) फर्स्ट रनरअप दिव्यांश पस्तोर (लेवल 6rd) थर्ड रनरअप इसके अलावा 41 बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाकर मेरिट ट्रॉफी जीती, जबकि 55 बच्चों को कंसोलेशन ट्रॉफी दी गई। 31 बच्चों को यूसीमास डिग्री से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया। अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय संस्थान के शिक्षकों–रूपाली खरे, अभिषेक खरे, प्रतीक्षा कुशवाहा, रविंद्र कुमार, मीनू राजा परमार और भावना मैडम–को दिया। संस्थान की संचालक रूपाली खरे और सीआई अभिषेक खरे ने बताया कि यूसीमास के माध्यम से बच्चों को फास्ट कैलकुलेशन में दक्ष बनाया जाता है, जिससे उनका मानसिक विकास तेजी से होता है और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के अवसर मिलते हैं।

---

### छोटी मोहन टॉकिज क्षेत्र में चली जेसीबी, नालों से हटाया अतिक्रमण



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

बारिश पूर्व शहर के प्रमुख नालों की सफाई का अभियान तेज हो गया है। नगर पालिका इस बार नाला सफाई के लिए औपचारिकता न निभाते हुए सालों से अतिक्रमण के चलते बंद पड़े नालों को ओपन भी करवा रही है। बुधवार को एसडीएम वीरेंद्र कटारे, सीएमओ कमला कौल, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी के नेतृत्व में बस स्टेंड क्षेत्र सहित शहर की घनी आबादी वाले इलाके छोटी मोहन टॉकिज क्षेत्र में नाला सफाई अभियान शुरु किया गया। यहां आजाद नगर से गौशाला मार्ग तक करीब 1 किमी लंबा नाला अतिक्रमण मुक्त करने के बाद साफ किया गया। नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया शहर के छोटी मोहन टॉकीज एवं बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों एवं व्यापारियों द्वारा नालियों पर अतिक्रमण किया हुआ था। नाले बंद होने से सफाई कार्य प्रभावित होता था। बार-बार जलजमाव एवं सफाई नही होने की शिकायतों को देखते हुए प्रशासनिक सहयोग से इन नालों को अतिक्रमण मुक्त कर सफाई करवाई जा रही है।

---

रायसेन अस्पताल में फायर सेफ्टी पर मॉक ड्रिल

# स्टाफ को सिखाया आग से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**पीपुल्स प्रवक्ता, रायसेन।**



जिले के जिला अस्पताल में इन दिनों 'फायर सेफ्टी सप्ताह' के तहत व्यापक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 4 से 10 मई तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों को आगजनी की संभावित घटनाओं से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अस्पताल परिसर में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें विशेषज्ञों ने कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई के तरीके सिखाए। इस दौरान फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का लाइव प्रदर्शन भी किया गया, जिससे कर्मचारियों को उपकरणों के संचालन की व्यावहारिक समझ मिल सके। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि आग लगने जैसी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संयम और सतर्कता के साथ कार्य करना बेहद जरूरी है। इससे न केवल आग पर जल्द काबू पाया जा सकता है, बल्कि जनहानि और संपत्ति के नुकसान को भी रोका जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान ने बताया कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर फायर सेफ्टी की जानकारी हर कर्मचारी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करना और उन्हें सुरक्षा उपकरणों के उपयोग में दक्ष बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि मरीजों और उनके परिजनों को भी आग से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में सभी मिलकर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन), प्राथमिक सावधानियों और जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के नियमित अभ्यास आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

# लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए में 9 मई को नेशनल लोक अदालत

## संपत्ति एवं जल कर के सरचार्ज (अधिभार) में मिलेगी 100 प्रतिशत तक की छूट

**पीपुल्स प्रवक्ता, रायसेन।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश में 9 मई शनिवार को श्नेशनल लोक अदालतश् का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों के कल्याण और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

नेशनल लोक अदालत में नागरिकों को विशेष सुविधा प्रदान करते हुए संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य उपभोक्ता कर के लंबित प्रकरणों में देय अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व छूट प्रदान की जा रही है। योजना के प्रावधानों के अंतर्गत 50 हजार रुपये तक के संपत्ति कर और 10 हजार रुपये तक के जल कर की बकाया राशि वाले प्रकरणों में सरचार्ज पूर्णतः माफ किया जाएगा। इससे अधिक की बकाया राशि होने पर निर्धारित स्लैब के अनुरूप सरचार्ज में 25 से 75 प्रतिशत तक की रियायत का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर यह विशेष छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में देय होगी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों को छूट के उपरांत शेष राशि अधिकतम दो आसान किश्तों में जमा करने की सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा। राज्य शासन ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस नेशनल लोक अदालत में सहभागिता कर अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण करवाएं और शासन द्वारा प्रदाय की जा रही इस विशेष छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। लोक अदालत के माध्यम से नगरीय निकायों के लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सुलभ निराकरण किया जाएगा, जिससे आमजनों को व्यापक राहत मिलेगी। शासन की इस जन-कल्याणकारी पहल से नागरिकों को न केवल करों के भारी बोझ से मुक्ति प्राप्त होगी, बल्कि इसके फलस्वरूप नगरीय निकायों को भी एकमुश्त राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

---

# शासकीय विद्यालय की छात्राओं के लिए 20 दिवसीय ओजेटी प्रशिक्षण शुरू

## रोजगार कौशल पर दिया जा रहा विशेष जोर

**(अरविन्द ताम्रकार)**
**पीपुल्स प्रवक्ता, रायसेन।**



जिले की छात्राओं को आत्मनिर्भर और रोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आरआईआईटी एजुकेशन, रायसेन में 1 मई 2026 से 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायसेन की छात्राओं के लिए आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कंप्यूटर ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कार्य अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में नौकरी के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को बाजार की कार्यप्रणाली, कार्यालयीन व्यवहार, पेशेवर कौशल और कार्यस्थल पर अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ श्रीमती ज्योति त्रिवेदी द्वारा छात्राओं को तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। वहीं विद्यालय की व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती यशिका कुशवाहा की भी सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया और उनकी भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जो उनके भविष्य के रोजगार अवसरों को बढ़ाने में सहायक साबित होंगे। इस प्रकार का प्रशिक्षण न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है, बल्कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के लिए भी तैयार कर रहा है, जो आने वाले समय में उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा।

---

# रायसेन में कांग्रेस की प्रेस वार्ताः सात मई के चक्का जाम को लेकर सरकार पर तीखा हमला

**पीपुल्स प्रवक्ता, रायसेन।**




शहर के कामधेनु परिसर स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार पर जोरदार निशाना साधा और 7 मई को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी चक्का जाम को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सांची विधानसभा से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जी.सी. गौतम, जिला प्रवक्ता जावेद अहमद एवं जिला महामंत्री राजू महेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश के उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्था चरम पर है। टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है, तुलाई में गड़बड़ी हो रही है और भुगतान में लगातार देरी के कारण किसान परेशान हैं। कई-कई दिनों तक किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी उपज खराब होने का खतरा बना रहता है। नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों को मिल रहे वास्तविक भुगतान में भारी अंतर है। 2700 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया गया था, लेकिन किसानों को उससे कम दाम मिल रहे हैं, जो उनके साथ आर्थिक अन्याय है। साथ ही गेहूं और सोयाबीन का भुगतान समय पर नहीं होने से किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में खाद, बीज और जूट बैग की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार खरीदी व्यवस्था को लेकर पूरी तरह तैयार नहीं थी, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ा है। इसके साथ ही नरवाई जलाने के मामलों में किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर भी कांग्रेस ने सवाल उठाए। नेताओं ने कहा कि किसानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है और उनके शांतिपूर्ण विरोध को दबाने की कोशिश की जा रही है।

इस दौरान कांग्रेस ने अपनी प्रमुख मांगें भी रखीं, जिनमें किसानों को पूरा भुगतान, स्र्क्कपर गारंटीड खरीदी, 7 दिनों के भीतर भुगतान की कानूनी गारंटी, उपार्जन केंद्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाना, खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता, नरवाई नियमों में व्यावहारिक सुधार, कर्ज माफी का स्पष्ट रोडमैप और बीमा व मुआवजा भुगतान की समय सीमा तय करना शामिल है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने कहा कि ÷प्रदेश का किसान आज अपने ही हक के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। सरकार किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है।